Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding need to provide stoppage of Tejas Train (Ahmedabad to Mumbai) at Anand station in Gujarat.

श्री मितेश पटेल (बकाभाई) (आनंद): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र से संबंधित लोक महत्व के विषय को संसद में उठाने हेतु अनुमति देने के लिए धन्यवाद ।

महोदय, अहमदाबाद-मुंबई तेजस ट्रेन शुरू की गई है, जो मेरे संसदीय क्षेत्र के आनंद स्टेशन से होकर गुजरती है, लेकि न वह वहां नहीं रुकती है । इस स्टेशन के यात्री क्षमता के दृष्टिगत यदि अहमदाबाद-मुंबई तेजस ट्रेन के दो मिनट का ठहराव आनंद स्टेशन पर हो जाए, तो रेलवे को व्यावसायिक दृष्टि के साथ ही, मेरे क्षेत्र की जनता भी लाभान्वित होगी । इस बाबत स्थानीय जनता का मेरे पास लगातार अनुरोध आ रहा है ।

मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि आनंद स्टेशन पर अहमदाबाद-मुंबई तेजस ट्रेन का दो मिनट का स्टॉपेज देने हेतु व्यक्तिगत तौर पर संज्ञान लेते हुए, संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की कृपा करें ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री मितेश रमेशभाई पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।